## ब्रीफ खबरें

### बालूमाथ- हेरहंज- पांकी पथ की मरम्मत जल्द हो



**बालूमाथ (लातेहार)।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ- हेरहंज- पांकी पथ को दुरुस्त कराने की मांग की है. उन्होंने पथ निर्माण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को इसे ले कर पत्र लिखा है. उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि बालूमाथ- हेरहंज पांकी पथ स्टेट हाइवे- 10 अत्यंत जर्जर हो चुकी है. आये दिन उक्त पथ पर दुर्घटनाएं हो रही है. जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए है. रात्रि के समय में कई दोपहिया चालक दुर्घटना के शिकार भी हो चुके है.

### जेएसपीएलएस समूह वार्षिक आम सभा संपन्न

**पाटन( पलामू )।** पाटन प्रखंड के किशनपुर मध्य विद्यालय के प्रांगण में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया. जिसमें उपस्थित विधायक श्रीमती पुष्पा देवी ,जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह,अशोक तिवारी, ज्योतिंद्र ज्योति,बीपीओ प्रमोद सोनी, अनीता देवी,मनीष उपाध्याय ,यशोदा मुंडा सभी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया .जिसमें सीएफ का अकाउंटेंट मनीष उपाध्याय के द्वारा सभी सदस्यों के बीच प्रस्तुत किया गया.

### स्वर्वेद महामंदिर में होगा विश्व शांति वैदिक महायज्ञ

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की जिलास्तरीय बैठक गोविंद भवन में हुई. बैठक की शुरुआत अतिथियों व सेवा प्रभारियों द्वारा सदगुरु देव की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई. बैठक में कहा गया कि विहंगम योग संस्थान के स्थापना का शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है. इसे लेकर वाराणसी के उमराहा स्थित स्वर्वेद महामंदिर परिसर में 6 व 7 दिसंबर को 25000 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा. बैठक में शताब्दी समारोह की तैयारी को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई.

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**बालूमाथ (लातेहार)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के बालू के उठाव पर रोक के बावजूद बालू के अवैध धंधा करने वाले कारोबारियों पर प्रशासन की सख़्ती से ऐसे लोगों में हड़कंप है. ताजा मामला शनिवार रात का है. अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है. जब्त बालू लोड ट्रैक्टर के चालक व मालिक पर अंचल अधिकारी ने प्राथमिकी भी दर्ज कराई है. बालूमाथ थाना को दिए आवेदन में सीओ ने बताया कि शनिवार शाम सूचना के बाद कुसुमटोला से पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से 80 सीएफटी बालू लदा हुआ बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त किया गया है.

### सर्वसम्मति से अजय तिवारी चुने गए अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के 17 वा आयोजन को लेकर स्थानीय रेड़मा ठाकुरबाड़ी श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में गणमान्य लोगों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी ने की. बैठक में कहा गया कि 8 नवंबर को हनुमत पूजा के साथ भागवत कथा सप्ताह शुरू होगा. 09 नवंबर से उच्च कोटि के विद्वान प्रवक्ता के द्वारा भागवत कथा शुरू होगा तथा 15 नवंबर को इसका समापन होगा. बैठक में शामिल श्रद्धालुओं ने भागवत कथा को सफल बनाने का संकल्प लिया .

दो नाट्य मंचन के साथ समाप्त हुआ मासूम नाट्य महोत्सव, नाटक देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़

# नाटक राजपाट ने दर्शकों को अंतिम समय तक रोके रखा

संवाददाता । मेदिनीनगर



मेदिनीनगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में दो नाटकों के मंचन के साथ रविवार की शाम मासूम नाट्य महोत्सव संपन्न हुई. इसके साथ ही शनिवार को आयोजित अंतर विद्यालय नाट्य प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया.

बिहार व झारखंड के 20 कलाकार, साहित्यकार, संगीतकार व समाजसेवी को सम्मानित किया गया. मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, प्रो एससी मिश्रा, शिक्षाविद अविनाश देव, प्रदीप नारायण, साहित्यकार रवि शंकर पांडेय, डॉ एनसी अग्रवाल, समाजसेवी युगलकिशोर, वामपंथी नेता केडी सिंह, इप्टा के अध्यक्ष प्रेम भसीन, पूर्व बैंक अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय सहित कई गणमान्य अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया.

### महोत्सव के पहले दिन मंच पर जीवित हुए दशरथ मांझी

नाट्य महोत्सव के पहले दिन 21 सितम्बर को प्रयास रंगमंडल, पटना की टीम ने मिथिलेश सिंह द्वारा लिखित व निर्देशित बहु चर्चित नाटक दशरथ मांझी प्रस्तुत किया. कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन और सशक्त निर्देशन से मंच पर दशरथ मांझी जीवित हो उठे. अपनी पत्नी की पीढ़ा से दुखी दशरथ माझी की पहाड़ काटने की जिद, हठ व प्रेम का सजीव चित्रण इस नाटक के माध्यम से किया गया. दशरथ मांझी की भूमिका में उदय कुमार शंकर और उनकी पत्नी फगुनिया की भूमिका में रजनी शरण ने शानदार अभिनय कर दिल जीत लिया. नाटक का पार्श्व संगीत व मंच सज्या भी शानदार रही. अन्य भूमिकाओं में दीपक, सदानंद, सोनू, गिरीश, वीणा, आशीष आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई .मासूम नाट्य महोसव के दूसरे दिन मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट ने दर्शको के दिलों पर राज किया. कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खूब तालियां बटोरी. नाटक का लेखन व निर्देशन सैकत चटर्जी ने किया था. इस नाटक में राजा की भूमिका में सैकत चटर्जी और बहु की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्ती ने अदभुत अभिनय कर दर्शकों को बांधे रखा.

## न्यूज अपडेट

### सुदेश से मिलने पैदल रांची रवाना हुए श्रवण पासवान



**लातेहार।** आजसू नेता श्रवण पासवान लातेहार विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं.आजसू पार्टी से टिकट की दावेदारी करने के लिए श्रवण पासवान सोमवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से मिलने के लिए अपने कई समर्थकों के साथ पैदल रांची रवाना हुए. इससे पहले आजसू कार्यालय में श्री पासवान का फूल और मालाओं से स्वागत किया गया. पासवान ने कहा वे लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विकास और यहां की जनता की सेवा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं. उनकी यह यात्रा हमारी एकजुटता और लातेहार की जनता की इच्छाओं का प्रतीक है. उन्होंने आजसू नेतृत्व से उन्हें इस बार लातेहार विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने की अपील की. उन्होंने कहा कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र में उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है और वे जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए चुनाव लड़ना चाहते हैं.

### बद्र नियाजी ईमानदारी की मिसाल थे : केडी ओझा

**मेदिनीनगर ।** मुफलिसी में ईमानदारी पूर्वक स्वाभिमान के साथ जीवन कैसे जिया जा सकता है उसके जीता जागता मिशाल थे बद्र नेयाजी. दुबला पतला शरीर. बेतरतीब वेशभूषा. लेकिन उनके चेहरे पर शिकन की लकीर मैंने नहीं देखी. वैचारिक स्तर पर कम्युनिस्ट विचारधारा के पोषक थे. उक्त बातें संस्कृत पाठशाला के 54 वीं कड़ी में आयोजित बद्र नियाजी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर अध्यक्षीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए व्याख्याता केडी ओझा ने कही. डॉ इंतखाब असर ने कहा बद्र नियाजी मजहबी नहीं होते हुए पक्के मजहबी थे. उपेंद्र कुमार मिश्र ने कहा हमने मजहबी होने का जो पैमाना बनाया है वही सिर्फ पैमाना नहीं है. बद्र नियाजी साहब ने जो व्यवहार दिखाए सही मायने में मजहबी होने का सबूत वही है. विषय प्रवेश प्रेम प्रकाश ने कराया. परिचर्चा की अध्यक्षता व्याख्याता केडी ओझा एवं संचालन प्रेम प्रकाश ने किया.

### मुरली प्रसाद ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा



**लातेहार।** लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सोमवार को लातेहार में एक सभा को संबोधित करने आए थे. इस दौरान पार्टी के वरीय नेता सह समाजसेवी मुरली प्रसाद गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को जिले की समस्या से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा है. श्री गुप्ता ने मांग पत्र मे कहा है कि लातेहार मे अल्युमिनियम फैक्ट्री खोलने की दो बार स्वीकृति मिलने के बाद भी अब तक नही खोला जा सका है जिससे बेरोजगारी की समस्या बढ़ गई है. इसके अलावा लातेहार जिले मे जमीन का रि सर्वे, वर्ष 1952 से बंदोबस्त गैर मजरूआ जमीन की ऑन लाइन किया जाये, लातेहार मे बाइपास सड़क निर्माण की गति काफी धीमी है तथा रैयतो का उनकी जमीन का उचित मुआवजा नही मिल रहा है शामिल है. उन्होंने मंत्री श्री पासवान से सभी मांगो पर पर सहानूभुति पूर्वक विचार करते हुए समाधान करने का अनुरोध किया है.

### देश चलाने का उत्तम दस्तावेज है भारतीय संविधान



**मेदिनीनगर।** नगर निगम मेदिनीगर के बजराहा में भारतीय संविधान पाठ सह मूलनिवासी मेला का उद्घाटन संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो नेता अविनाश देव ने किया. अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि भारतीय संविधान देश चलाने का उत्तम दस्तावेज है. अतः इसका हर घर में पाठ करना अतिआवश्यक है. उन्होंने कहा कि भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, वोट का अधिकार, सूचना का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार बराबरी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, संपत्ति का अधिकार आदि इसी संविधान ने दिया है. समकालीन दौर में कुछ लोगों को यह अधिकार रास नहीं आ रहा है और संविधान बदलने की साजिश हो रही है. उन्होंने कहा कि काबिल-ए-तारीफ है संविधान का पाठ और मूलनिवासी मेला, जिससे समाज में जागरूकता फैल रही है.

### पलामू में दर्जनों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन



**मेदिनीनगर।** मईयां सम्मान यात्रा के पलामू आगमन से पूर्व उत्साही युवकों ने सोमवार को पलामू जिला कार्यालय में झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. स्टेशन रोड स्थित नई मोहल्ला के शमशेर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं को अंगवस्त्र और माला पहनाकर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने स्वागत किया. झामुमो की सदस्यता ग्रहण करनेवालों में राजीव रंजन सिन्हा, संदीप कुमार गुप्ता, निशांत गुप्ता, पंकज कुमारच, राकेश कुमार, जुबैर आलम, सुल्तान अहमद, परवेज आलम, सोनी, जिशान असरफ, राकेश कुमार, निशांत रंजन, विवेक कुमार, नादान चौधरी, मो. नौशाद राइन, मो. शाही अहमद, राजेश कुमार सिंह, निर्मल, आनंद कुमार, नीरज, राजेश कुमार, मनीष कुमार शामिल हैं.

### बेहतर तकनीक है सीपीआर प्रशिक्षण: डॉ गौरव

**विश्रामपुर(पलामू)।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में शनिवार को सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गौरव विशाल ने की. उन्होंने सीपीआर ट्रेनिंग को हरेक स्तर तक ले जाने के तय लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि इमरजेंसी में किसी की जान बचाने के लिए यह तकनीक बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है और इसका लाभ हरेक स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी विभागों के माध्यम से लोगों को मिले इसके लिए प्रयास होना चाहिए. इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्लब के बोर्ड मेंबर और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव विशाल ने सहयोगी डॉ निशात के साथ मिल कर सीपीआर देने की विधि के बारे में विस्तार से समझाया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, आरसी यूनिवर्सिटी के चासलर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति प्रो डॉ कल्याण कुमार, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, डॉ अनिल श्रीवास्तव, नेशनल मेडिकल आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ केपी सिन्हा, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ प्रवीण सिद्धार्थ आदि शामिल थे.

मनिका, लातेहार व बारियातू प्रखंड में कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की

# योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में बीडीओ की भूमिका अहम: डीसी

संवाददाता । लातेहार



उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में अबुआ आवास, मनरेगा और पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई. उपायुक्त ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली. धीमी व कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू व लातेहार के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तीन दिनों के अंदर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया. समय से योजनायें पूर्ण नहीं होने पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक को ऑर्डिनेटर और बीपीओ पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही. उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में प्रखंड विकास पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. उन्होंने योजनाओं को गुणवत्तायुक्त व समय पर पूरा करने का निर्देश दिया. बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी एस चौरसिया, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू के अलावा संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता और जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व बीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे.

**मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को ले कर बैठक :** लातेहार। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के क्रम में कम प्रपत्रों की प्रविष्टि वाले मतदान केन्द्रों में कम प्रपत्र प्रविष्टि के कारणों की पहचान, अविलंब प्रपत्रों की प्रविष्टि कराने तथा आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु आवश्यक प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा कर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य पूरी दक्षता के साथ ससमय संपन्न कराने का निर्देश दिया गया.

उपायुक्त ने कहा कि एक भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में निबंधन से वंचित नहीं रहना चाहिए. कहा कि साथ ही यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है तो नियमानुसार प्रपत्र सात की प्रविष्टि कराते हुए अथवा किसी मतदाता के उम्र की गलत प्रविष्टि हुई है तो प्रपत्र आठ के माध्यम से संशोधन कराते हुए प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने की बात कही गई.

### पंसस ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड प्रमुख के नेतृत्व में पांच सूत्री मांगो को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना दिया. हालांकि पूर्व से प्रस्तावित तालाबंदी कार्यक्रम अंचलाधिकारी मनोज कुमार व थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के आशवासन के बाद स्थगित कर दिया गया. बता दें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कार्यलय पहुंच कर मुख्य द्वार पर धरने में बैठ गये. वे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व गोदाम प्रबंधक को हटाने की मांग कर रहे थे. हालांकि बीडीओ मुख्यालय में नहीं थे और वे जिला मुख्यालय में एक बैठक में भाग लेने गये थे. अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया और सभी मांग को उपायुक्त से अवगत कराने का लिखित आश्वासन दिया. प्रमुख ने बताया की एमओ और एजीएम की कार्यशैली की शिकायत के बाद भी विभाग कार्रवाई नहीं कर रही है. उन्होने आगे कहा कि पंचायतों में बालू उठाव से प्राप्त राजस्व का कोई लेखाजोखा नहीं है .राजस्व का इस्तेमाल पंचायत में कहां हो रहा है यह भी गुप्त रखा जा रहा है. पंचायत समिति के सदस्यों के मान सम्मान के साथ प्रखंड प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है. मौके पर अंचल निरीक्षक सुरेश राम, पंसस प्रवीन कुमार, दिलीप कुमार सिंह, मंजू कुमारी, वीणा देवी, अनीता देवी, सबिता देवी और आरती देवी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे.

- सीओ के आश्वासन के बाद नही की गयी तालाबंदी

### बलात्कार के आरोपी को उम्र कैद एवं जुर्माना भी

**लातेहार।** पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने अबोध बच्ची के साथ बलात्कार करने के आरोपी को उम्र कैद और एक लाख रूपये जुर्माना की सजा सुनाया है. पोक्सो के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार तीन जून 2019 को डुरुआ ग्राम की रहने वाली एक महिला ने लातेहार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था. दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया था कि वह अपने घर में थी तभी कोढ़ांस ग्राम निवासी पवन कुमार उसके घर में घुस गया और उनकी दो वर्षीय बच्ची को अपने गोद में ले लिया. जब वह मना करने लगी तो वह मारपीट पर उतारू हो गया. जब तक वह बाहर जाकर हल्ला करती तब तक उसकी बच्ची जोर-जोर से चिल्लाने लगी. वह जाकर देखी तो बच्ची के गुप्तांग से रक्त का स्राव हो रहा था. लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को दे दिया था. श्री दास ने बताया कि अभियोजन की ओर से कुल छह गवाहों को अदालत में पेश किया. अदालत ने गवाहों की समर्थन के बाद भादवि की धारा 376(ए बी) के तहत पवन कुमार को उम्र कैद की कारावास एवं एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाया है. जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाया है.

### पितृपक्ष के षष्टी तिथि में लोगों ने किया पिंड दान

**पांडू(पलामू)।** प्रखंड के रतनाग, कजरुखुर्द, पाण्डु, तिसीबार, मुसीखाप सहित अन्य गांवों के लोगों ने नदी, तालाब एवं घर के आंगन में पितृपक्ष के षष्टी तिथि में लोगों ने किया पिंड दान किया. वहीं करमडीह ग्राम के राम पूजन सिंह एवं निशीथ सिंह बिट्टू ने अपने पूरे परिवार के साथ आचार्य श्री केशरी कांत मिश्र के सानिध्य में पिंडदान किए.

## प्रतियोगिता प्रतिभा का मार्ग खोलता है: क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त

संवाददाता । मेदिनीनगर

झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में सोमवार से स्थानीय जिला स्कूल मैदान में तीन दिवसीय खेलो झारखंड-2024 का शुभारंभ हुआ. खेल का उद्घाटन क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दुर्गानंद झा, डीईओ दीपक कुमार मिश्र, डीएसई संदीप कुमार व एडपीओ जान मुथू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया. इससे पूर्व सभी प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट किया. कस्तूरबा सतबरवा एवं मनातू की छात्राओं ने बैंड के साथ मोहक प्रदर्शन किया.

खेलो झारखंड अंतर्गत जिलास्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 का कबड्डी, खो-खो, वालीबाल, शतरंज एवं योग के इवेंट आयोजित किये जा रहे हैं. क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दुर्गानंद झा ने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं के लिए राज्य व देश का मार्ग खोलता है. इसलिए सभी खिलाड़ी लगन व अनुशासन के साथ इसमें बेहतर करें. जिला खेल पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं. डीएसई संदीप कुमार ने कहा कि खेलो झारखंड हर तरह की प्रतिभा को निखारने का उपयोगी मंच है.

रेफरी की भूमिका संजय त्रिपाठी, कमलानंद दूबे, उपेन्द्र कुमार, अभिलाष चंचल ने निभाई. खेल को सफल बनाने में आलोक तिवारी, साकेत शुक्ला, अरविन्द दूबे, पवन यादव, अविनाश तिवारी, शिव प्रसाद यादव, श्रीकांत यादव, कमलेश दूबे, कौशलेश तिवारी, अनुपम तिवारी, आनंद माधव पाण्डेय, अरविंद कुमार दूबे, सुमंत कुमार, सुनील यादव, भरत कुमार रजक, मो.इदरीश, अबुल फ़ैज़ रफद, प्रीतम शुक्ला व शैलेन्द्र प्रसाद सिंह आदि सक्रिय हैं.

## कोयल नदी की तेज धार में बह गया था सक्षम राज, तीन दिन बाद सिंगरा के पास मिला शव

संवाददाता । मेदिनीनगर

तीन दिनों पूर्व स्थानीय कोयल नदी में बह गए सक्षम राज का शव सोमवार को मेदिनीनगर सदर प्रखंड अंतर्गत सिंगरा गांव स्थित सिद्धवन के इलाके में बरामद किया गया है. जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की. इधर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच भेज दिया है. बता दें कि बाजार क्षेत्र के घास पट्टी निवासी सक्षम राज 21 सितंबर को कोयल नदी किनारे अपने कुछ दोस्तों के साथ नहाने गया था. उसने अपने दोस्त को मोबाइल देकर वीडियो बनाने के लिए कहा, तभी वह नदी के पानी की तेज धार में बहता चला गया. बताया जा रहा है कि सिंगरा गांव के ग्रामीण सिद्धवन इलाके में घूम रहे थे इसी दौरान एक बच्चे की लाश देखे जाने के बाद मामले की सूचना थाना को दी.



### मौज में मौत को गले न लगाएं युवा पीढ़ी :अविनाश

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के चैयर मैन अविनाश देव ने कहा कि बहुत दिनों के बाद कोयल की धारा देखने को मिला और शहरवासी को रोमांटिक किया. इस रोमांच में युवा कहां मानने वाले थे. कोयल की धारा के साथ सेल्फी तो बनता ही है, लाइट कैमरा और कोयल की धारा एक्शन में जब आया तो कोयल की विशाल प्रवाह कहा दया करने वाली थी . दरिया में समाहित कर लिया. अविनाश देव ने कहा कि यह चूक का शिकार स्थानीय घासपट्टी निवासी सज्जन गुप्ता उर्फ बंटी गुप्ता के 11 वीं पढ़ने वाला बेटा सक्षम कुमार हो गया. चार दिनों के बाद सिंगरा के आसपास आज लाश मिला. पोस्टमार्टम घर गए देखे तत्परता के साथ लाश भेजे. यह घटना मर्माहत करने वाला है हर मां बाप को बुढ़ापे का लाठी छीनने वाला है इस पर युवा पीढ़ी को गहराई से सोचने की जरूरत है. अविनाश देव ने कहा कि ज्यादा खुशी गम में ना बदले इसके लिए उत्साहित होने की जरूरत नहीं है. इस गम के घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ है. ईश्वर शोक को शक्ति में बदलें और आत्मा को यथोचित स्थान प्रदान करें. विनम्र श्रद्धांजलि!!

**शंखनाद**

परिवर्तन यात्रा में रामाशीष हजारों समर्थकों के साथ हुए शामिल, कहा

# राज्य में बड़े बदलाव का संदेश है भाजपा की परिवर्तन यात्रा

संवाददाता । बिश्रामपुर(पलामू)




परिवर्तन यात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर,सांसद बीडी राम, रामाशीष यादव व अन्य.

झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा शंखनाद कर दिया है. सोमवार को पलामू प्रमंडल में भाजपा द्वारा निकाला गया परिवर्तन यात्रा में बिश्रामपुर के भाजपा नेता रामाशीष यादव दस हजार से अधिक समर्थकों के साथ शामिल हुए. सर्वप्रथम रामाशीष यादव के आवासीय कार्यालय पर हजारों समर्थक जमा हुए. तत्पश्चात श्री यादव के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में सभी समर्थक आयोजन स्थल पर पहुंचे जहां उनका परिवर्तन यात्रा में मिलान हुआ. परिवर्तन यात्रा रेहला से सुबह दस बजे निकल कर पलामू, बिश्रामपुर, पांडु, उँटारी रोड, मोहम्मदगंज, हैदर नगर होते हुए जपला पहुंची. इस दौरान जगह-जगह यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया. यात्रा में शामिल यात्रियों का बदलाव को लेकर जोश एवं जुनून परवान पर था.

परिवर्तन यात्रा के दौरान रामाशीष यादव ने कहा कि, अवैध घुसपैठ, नौकरी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा व्यवस्था सभी क्षेत्र में यह सरकार विफल साबित हुई है. यदि यही हाल रहा तो झारखण्ड का बेड़ा गर्क होने में और वक्त नहीं लगेगा. इसलिए इस चुनावी माह में इस लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकना है. कहा, झारखण्ड में परिवर्तन समय की जरूरत बन चुकी है, और इसे भाजपा पूरा करेगी.परिवर्तन यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, विशिष्ट अतिथि सांसद बीडी राम, चतरा पूर्व सांसद सह बिश्रामपुर विधानसभा प्रभारी सुनील सिंह, विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य विकास प्रीतम, ईश्वर चंद्र, नरेंद्र पाण्डेय समेत सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक एवं ग्रामीण मौजूद रहे.

## नाट्य प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट को प्रथम पुरस्कार

संवाददाता । मेदिनीनगर



पुरस्कार के साथ नाट्य प्रतियोगिता के प्रतिभागी.

जिला प्रसाशन के सहयोग से मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय नाट्य प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल को प्रथम पुरष्कार मिला. द्वितीय पुरस्कार लोटस अकादेमी को मिला. संत मरियम्स को तृतीय, ग्रीन वैली को चतुर्थ व चिल्ड्रन पैराडाइज़ को पंचम पुरस्कार मिला. एमएसए स्कूल को विशेष पुरस्कार दिया गया. महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय को प्रथम पुरस्कार मिला. सेक्रेट हार्ट के निर्देशक रंजीत कौर को निर्देशन प्रथम पुरस्कार मिला. बेस्ट एक्टर का पुरस्कार सेक्रेट हार्ट के अंश तिवारी को और दूसरा पुरस्कार लोटस अकादेमी के पार्थ शुक्ला को मिला. बेस्ट एक्ट्रेस का पुरष्कार सेक्रेट हार्ट की इशिता रानी व द्वितीय पुरस्कार केजी स्कूल की निहारिका को मिला. हास्य अभिनेता का पुरस्कार एमएसए स्कूल के अभिनव गुप्ता व हास्य अभिनेत्री का पुरस्कार सदर कस्तूरबा की पूर्णिमा कुमारी को मिला. प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में सुकुमार मुखर्जी, फजल इमाम, रेनू शर्मा, नविन सहाय व मुनमुन चक्रवर्ती शामिल थी. मंच संचालन शालिनी श्रीवास्तव व अविनाश तिवारी ने किया. धन्यवाद ज्ञापन मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव सिंह, अदनान कासिफ , गिरेन्द्र यादव, राज प्रतिक पाल, अमर भांजा, उज्जवल सिन्हा, राजा खान, राहुल वर्मा, मुकेश विश्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा.

## ब्रीफ खबरें

### जांच के दौरान चोरी की बाइक बरामद

**रामगढ़।** बाइक चोर गिरोह के सदस्य अपने आप को छुपाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं. लेकिन कई बार घूमना उन्हें महंगा पड़ जाता है. ऐसा ही एक मामला रामगढ़ शहर में सोमवार की शाम सामने आया. जब जांच के दौरान एक चोर बाइक से घूमता हुआ पकड़ा गया. रामगढ़ यातायात पुलिस की सक्रियता से न सिर्फ चोर गिरफ्तार हुआ, बल्कि चोरी की बाइक भी जप्त कर ली गई. जानकारी के अनुसार रामगढ़ यातायात प्रभारी रजत कुमार सोमवार को शहर के बाजारटांड़ में खुद जांच अभियान में जुटे थे. इसी दौरान एक बाइक सवार मस्ती से राइड करता हुआ आया. हेलमेट नहीं पहनने की वजह से यातायात थाना प्रभारी ने उसे रुकवाया.

### ससुराल घूमने गए थे लोग, लाखों की चोरी

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के गोलपार्क पूर्णी मंडप में चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया. घर के मलिक पूरे परिवार के साथ ससुराल घूमने गए थे. इधर चोरों ने उनका पूरा घर खाली कर दिया. इस मामले में घर के मालिक राकेश रंजन ने सोमवार को रामगढ़ थाने में सूचना दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि 20 सितंबर को वह अपने परिवार के साथ अपने ससुराल जमुई जिला गए हुए थे. सोमवार को जब वे रामगढ़ अपने घर लौटे तो देखे कि उनके घर का दरवाजा टूटा हुआ है. घर के अंदर गए तो पाया कि अलमारी का ताला भी चोरों ने तोड़ दिया है. छानबीन के दौरान पता चला कि चोरों ने उनके घर से 25000 रुपए नगद, लगभग दो लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के जेवर व इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा लिया है. पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है.

### अस्पताल में बेहतर होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुंदरीकरण समेत अन्य सुविधा बहाल करने को लेकर तीन करोड़ 15 लाख 55 हजार 900 रुपये खर्च किये जायेंगे. यह कार्य जिला परिषद द्वारा बीएमएफटी मद से होगा. मरीजों की स्वास्थ्य सुविधा, भवन मरम्मत और सुंदरीकरण पर खर्च होगा. अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए स्ट्रेचर, व्हील चेयर की खरीदारी, परिसर में पथ निर्माण और एक वार्ड से दूसरे वार्ड मरीजों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर चलने लायक पथ बनाया जायेगा. इस पर 83 लाख 60 हजार 900 रुपये खर्च किया जायेगा. ट्रामा सेंटर और मरीज निबंधन भवन के सुंदरीकरण पर 53 लाख 39 हजार 300 राशि खर्च होगी. इसके अलावा लेबर रूम की व्यवस्था पर 36 लाख 40 हजार 900, आयुष भवन के उन्यन कार्य पर 11 लाख 81 हजार 600 खर्च किये जायेंगे.

### पोषण माह अभियान के तहत हुई प्रतियोगिता

**हजारीबाग।** अन्नदा कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पोषण माह अभियान के तहत सोमवार को कुपोषण से पोषण की ओर थीम पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया. इसका उद्देश्य लोगों को पोषण युक्त खाद्य पदार्थ के सेवन पर जोर देना था. प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में कुपोषण होने के कारण और उससे बचने के उपाय से संबंधित पोस्टर बनाए गए. पहले स्थान पर साक्षी कुमारी, दूसरे मीनाक्षी कुमारी व तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से श्वेता व श्रृष्टि कुमारी रहीं.

---

कॉमर्स विभाग ने एजीयू डिपार्टमेंटल ब्रिलियेंस अवार्ड पर कब्जा जमाया

# एजीयू एस्पायर अवार्ड में आईसेक्ट विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

**संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट ग्रूप ऑफ यूनिवर्सिटीज की ओर से भोपाल के होटल ताज में आयोजित एजीयू एस्पायर अवार्ड-2024 में आईसेक्ट विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन रहा, जहां विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग ने एजीयू डिपार्टमेंटल ब्रिलियेंस अवार्ड पर कब्ज़ा जमाया. वहीं शाइनिंग स्टार्स पीआर एक्सीलेंस अवार्ड आईसेक्ट विश्वविद्यालय के पीआरओ मो. शमीम अहमद ने अपने नाम किया. यूनिवर्सिटी रिकमेंडेड अवार्ड्स की फेहरिस्त में डिपार्टमेंट एक्सिलेंस अवार्ड विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग को प्राप्त हुआ.

डॉ एसआर रथ की अगुवाई में रितेश कुमार, राजेश रंजन और अजय वर्णवाल ने एजीयू के चेयरमैन व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के हाथों यह अवार्ड ग्रहण किया. फैकल्टी अपस्किलिंग अवार्ड वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, बेस्ट एजुकेटर अवार्ड कृषि विभाग के एचओडी डॉ सत्य प्रकाश, आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशंस टू रिसर्च अवार्ड विज्ञान विभाग की एचओडी सबीता कुमारी, एडमिनिस्ट्रेटिव लीडरशिप एक्सिलेंस अवार्ड सहायक कुलसचिव अमित कुमार, गाइडिंग स्टार अवार्ड इन एडमिशन काउंसलिंग सहायक कुलसचिव चांदनी कुमारी, इमर्जिंग एजुकेटर अवार्ड सहायक प्राध्यापक डॉ आलोक राय, लैब टेक्नीशियन डिस्टिंक्शन अवार्ड राजेश कुमार व टेली परफार्मेंस अवार्ड मीना कुमारी ने अपने नाम किया. इस अवार्ड सेरेमनी में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के परफार्मेंस पर खुशी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि पहली बार एजीयू की ओर से आयोजित इस अवार्ड सेरेमनी में आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने जो प्रदर्शन किया है, वह सुकून देने लायक है. डिपार्टमेंटल, एडमिनिस्ट्रेटिव लीडरशिप, लैब टेक्नीशियन, फैकल्टी अपस्किलिंग, पीआर एक्सीलेंस, काउंसलिंग व टेली परफार्मेंस जैसे क्षेत्रों में अवार्ड पाना यह साबित करता है कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय लगातार अपने आपको अपग्रेड किया है.



#### एजीयू अवार्ड सेरेमनी में ये रहे शामिल

भोपाल के होटल ताज में आयोजित एजीयू अवार्ड सेरेमनी में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के अलावा डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, डीआर विजय कुमार, सहायक कुलसचिव ललित मालवीय, सहायक कुलसचिव चांदनी कुमारी, सहायक कुलसचिव अमित कुमार, सहायक कुलसचिव राजीव रंजन, पीआरओ मो शमीम अहमद, एनएसएस समन्वयक डॉ रोजीकांत, प्राध्यापक डॉ अरविंद कुमार, सीएस एंड आईटी डीन डीन उदय रंजन, एनएसएस अधिकारी डॉ प्रीति व्यास, डॉ सत्य प्रकाश, सबीता कुमारी, डॉ आलोक राय, रविकांत, रितेश कुमार, कुमारी सीमा, अजय वर्णवाल, सबा प्रवीण, कोमल पल्लवी भेंगरा, यशवंत कुमार, पंकज प्रज्ञा, मुकेश कुमार साव, राजेश रंजन, राहुल राजवार, ओमप्रकाश दास, दीपेंद्र कुमार, सन्नी कुमार पाण्डेय, लक्ष्मी तिग्गा, रोहित कुमार आदि शामिल रहे.

---

एनटीपीसी की सीबी परियोजना से प्रभावितों ने एसडीओ को सौंपा मांगपत्र

# मांगें नहीं माने जाने पर 25 से रोक दी जायेगी कोयले की ट्रांसपोर्टिंग

**संवाददाता। केरेडारी**

एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से प्रभावित भू रैयतों व ग्रामीणों ने सोमवार को केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी के नेतृत्व में हजारीबाग सदर एसडीओ को बीस सूत्री मांग पत्र सौंपा. इसमें कहा गया है कि एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से जोरदाग गांव के ग्रामीण सड़क से ओएसएल, पीएनएम व नकाश सहित कई ट्रांसपोटिंग कंपनियों द्वारा कोयले की ढुलाई लगातार की जा रही है. इस मामले को लेकर एनटीपीसी के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ता हुई थी, जिसमें तीन महीने के भीतर ट्रांसपोर्टिंग के लिए अलग सड़क का निर्माण करने को लेकर सहमति बनी थी लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है. अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो 25 सितंबर से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग अनिश्चितकाल के लिए रोक दी जायेगी.



भू रैयतों के द्वारा सौंपे गए मांगपत्र में बड़ा तालाब जोरदाग के समीप ओबी गिराकर अतिक्रमण की जा रही भूमि को अविलंब रोकने, जोरदाग के सभी धार्मिक स्थलों को चहारदीवारी से सुरक्षित करने, प्रदूषण की वजह से तालाब में मर रही मछलियों की क्षतिपूर्ति देने, मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था करने, आम जनता के लिए बनी सड़क से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग को रोकने, फसलों की क्षतिपूर्ति देने, परियोजना से विस्थापित भू रैयतों के मकान का मुआवजा सभी को समान रूप से देने की मांग की गई है. इसी प्रकार स्थानीय प्रभावित युवाओं को रोजगार से जोड़ने व बाहरी को हटाने, नया भवन बन जाने तक उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग में किसी प्रकार का बदलाव नहीं करने, पूर्व से बने ग्रामीण सड़कों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने की मांग भी की गई है. वहीं भू रैयतों ने स्थानीय भू रैयतों को संबंधित कंपनी के अधिकारियों से मिलने के दौरान दुर्व्यवहार नहीं करने, जमीन पेड़ व सभी संपत्तियों का मुआवजा एकमुश्त देने, भूमि अधिग्रहण के बाद जिन लड़कियों की शादी हुई है उन्हें भी पुनर्स्थापन का लाभ देने की मांग शामिल है. जोरदाग गांव के स्कूली बच्चों को विद्यालय जाने के लिए वाहन की व्यवस्था करने, 80 वर्ष से अधिक वृद्ध जो मृत हो चुके हैं उनके परिवारों को लाभ प्रदान करने, माइनिंग में हेवी ब्लास्टिंग को रोकने, बिरहोर परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने व प्रभावित क्षेत्र में 24 घंटे बिजली प्रदान करने की मांग की गई है. आवेदन में केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, उपमुखिया कौलेशेवर महतो, अख्तर आजाद, संतोष सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, आरती देवी, कांग्रेस नेता व समाजसेवी प्रेमरंजन पासवान, उदय पासवान, कैलाश साव, सुरेंद्र साव, पदुम महतो, जगदेव महतो, रोहित साव, भोला साव, आशीष कुमार दास, राहुल कुमार माली, ललिता देवी, मालती कुमारी, अरविंद साव व आरती कुमारी का नाम शामिल है.

#### खास बातें

- प्रभावित क्षेत्र में 24 घंटे बिजली देने की मांग
- सभी संपत्तियों का मुआवजा एकमुश्त देने की मांग

---

### बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर यशवंत सिन्हा ने जताई चिंता



**हजारीबाग।** अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग जिले के ट्रैफिक व्यवस्था पर अपनी गहरी चिंता जताते हुए पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त को पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि जिले में बिगड़ती जा रही ट्रैफिक व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त किया जाए, जिससे जनता को राहत महसूस हो. साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए उपलब्ध नहीं करवाएं. आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में उन बच्चों की जान जा रही है. साथ ही आने-जाने वाले राहगीर भी दुर्घटना का शिकार बनकर बेवजह अपनी जान गंवा रहे हैं. इस पर सख्ती से जांच करते हुए बिना समुचित कागजात के कोई भी व्यक्ति बाहन न चलाएं इसकी गहनता पूर्वक जांच की जाए. सिन्हा ने पदाधिकारी से आग्रह किया कि उचित पार्किंग की व्यवस्था भी की जाए, जिससे आम लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके.

### नए हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया प्रभार

**हजारीबाग।** नए सदर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में अशोक कुमार ने सोमवार को प्रभार ग्रहण किया. निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने नए अनुमंडल पदाधिकारी सदर को अपना प्रभार सौंपा. कार्यालय की ओर से नए अनुमंडल पदाधिकारी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया. इस दौरान एसडीओ कार्यालय के गोपाल कुमार पासवान, मयंक कुमार, निशिकांत उपाध्याय एवं अशोक दास व अन्य मौजूद रहे.

---

## न्यूज अपडेट

### स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यशाला का आयोजन



**रामगढ़।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सोमवार को गोला प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें बताया गया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने हेतु गोला प्रखंड की सभी जल सहिया ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी. प्रतिदिन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे. कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जल सहिया को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई.

### कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने किया जनसंपर्क



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ चुटियारो पंचायत के सरौनी डूमर गुरहेट केसुरा सिंघानी इत्यादि गांवों में जनसंपर्क किया. इस दौरान सैकड़ों लोगों से मिले और प्रदेश सरकार की योजनाओं का जिक्र किया. मौके पर कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय रविदास, सिंघानी मुखिया नारायण कुशवाहा, मौलाना मुख्तार शैलेंद्र सिंह, प्रोफेसर बीके मेहता, संजय रविदास, रामचंद्र राम, कुलदीप भुइयां, राकेश गुप्ता, मीना देवी, रेखा देवी, समीना खातून, सीता देवी, मुकेश रजक, विकास राम, सोनी देवी, रीना देवी, पूनम देवी इत्यादि मौजूद रहे.

### कुंदरूकलां में हुई युवा आजसू की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरूकलां में प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट आयोजित करने को लेकर रविवार को युवा आजसू की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता पीयूष चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो उर्फ डीएम, कुंदरूकलां मुखिया किशुनराम मुंडा एवं बारलोंग मुखिया रेखा देवी शामिल हुए. बैठक में 25 सितंबर से युवा आजसू के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया. मौके पर कुंदरूकलां के उपमुखिया मोहराय महतो, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मोहरलाल महतो, खेल प्रभारी जगदेव महतो, संजय सिंघानिया, महेश कुमार महतो, प्रदीप नायक, तुलसी महतो, शंकर यादव, धनेश्वर यादव, संतोष महतो, सतीश आर्यन आदि उपस्थित रहे.

### जयंती पर विनोद बिहारी महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



**विष्णुगढ़।** शिवाजी समाज के संस्थापक और झारखंड अलग राज्य आंदोलन के योद्धा विनोद विहारी महतो की जयंती सोमवार को को स्थानीय हॉस्पिटल चौक में मनाई गई. कार्यक्रम का आयोजन आजसू पार्टी की विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई द्वारा किया गया था. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष व पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार मंडल ने कहा कि विनोद बाबू के सपनों का झारखंड बनाना हमारा संकल्प है. उन्होंने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया ही, शिवाजी समाज के जरिये समाज में फैली कुरीतियों का भी उन्होंने दमन किया. कहा कि झारखंड अलग राज्य तो मिल गया, समस्याएं और चुनौतियां आज भी हैं.

---

# शहजाद अनवर ने रामगढ़ जिला अध्यक्ष को किया अपमानित

**संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे में कांग्रेस के वरीय नेताओं के जुबान भी फिसलने लगे हैं. वरीय नेता आम लोगों पर नहीं बल्कि अपने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं. सोमवार को रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर पर मर्यादित भाषा का प्रयोग करने, गाली गलौज करने और अपमानित करने का आरोप लगाते हुए रामगढ़ थाने में आवेदन दिया है. उन्होंने कहा है कि एक दलित के साथ उन्होंने ऐसा व्यवहार किया है. जिस वक्त पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर आपे से बाहर थे, उस वक्त जिला अध्यक्ष पार्टी कार्यालय में ही मौजूद थे. मुन्ना पासवान ने यह आरोप लगाया है कि चितरपुर निवासी शहजाद अनवर सोमवार की दोपहर पार्टी कार्यालय रामगढ़ में आकर सार्वजनिक रूप से भरी सभा में उन्हें छोटा जाती कहते हुए कई अपशब्दों का प्रयोग किया.

#### जिला अध्यक्ष ने लगाया बेबुनियाद आरोप

इस प्रकरण पर कांग्रेस के वरीय नेता शहजाद अनवर नेवी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है. उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने उन पर बुनियाद आरोप लगाए हैं. उन्होंने उतावलेपन और बेहद जल्दबाजी में ऐसे आरोप लगाए हैं. इस प्रकरण की निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए. यह पूरा मामला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने बताया कि सार्वजनिक कार्यक्रम में कई बड़े नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे. अगर कोई किसी के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करता है, तो उसे सभा में मौजूद सभी लोग सुनेंगे, ना कि केवल एक व्यक्ति.

---

खेलो झारखंड अंडर 19 बालक वर्ग में कटकमदाग टीम ने मारी बाजी

# अंडर 17 प्रतियोगिता में चुरचू बना विजेता

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बालक वर्ग की अंडर 17 एवं अंडर 19 वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. अंडर 17 बालक वर्ग में चुरचू प्रखंड की टीम डांडी प्रखंड की टीम को पराजित कर विजेता बनी. अंडर 19 में कटकमदाग प्रखंड ने बाजी मारी. इससे पहले अंडर 17 क्वार्टर फाइनल में डाडी, पदमा, इचाक, चुरचू, चौपारण एवं विष्णुगढ़ के बीच संघर्ष हुआ. डाडी, इचाक, चुरचू एवं चौपारण की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई. फाइनल मैच डाडी एवं चुरचू के बीच खेला गया, जिसमें चुरचू की टीम विजेता बनी. वहीं अंडर 19 बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बरही, डाडी, सदर, केरेडारी, कटकमदाग, चुरचू एवं बड़कागांव ने जगह बनाई. सेमीफाइनल मुकाबले में कटकमदाग, बड़कागांव, डाडी एवं सदर की टीम के बीच खेले गये. फाइनल मैच के लिए डाडी बनाम कटकमदाग की टीम के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले में कटकमदाग प्रखंड की टीम विजेता बनी. खेलो झारखंड वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में खेल के प्रति काफी उत्साह देखा गया. बालक वर्ग के सभी वर्गों के विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने बताया कि जिस प्रकार से प्रखंड स्तर से आकर जिले में अपना बेहतर प्रदर्शन दे रहे हैं उसी प्रकार से राज्य स्तर पर भी खिलाड़ी परचम लहराएं.



प्रतियोगिता को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक मधूसूदन कुमार सिंह, सरोज मालाकार, सुनिल यादव, अश्विनी श्रीवास्तव, अनुप मेहता, पवन कुमार, राजन गुरूंग, राहुल कुमार, कुंवर प्रसाद, संजू कुमारी, प्रिया कुमारी, अभिनव, गुप्ता प्रमोद दास, अनीश, विशाल यादव, त्रिवेणी कुमार, गोपाल राम, सागर, सुरेंद्र कुमार आदि का योगदान रहा.

---

**विस चुनाव** महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक के बाद बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपे गये नाम

# सदर सीट से कांग्रेस के पांच प्रमुख दावेदारों के नाम तय

**संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में हुई. इसकी अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की. इस दौरान प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मनोज मेहता, महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष परवेज अहमद, अधिवक्ता इजहार हुसैन, महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे. बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग सदर सीट से 34 कांग्रेसजनों ने अपनी दावेदारी पेश की है. हजारीबाग नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 34 नामों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श के बाद अंतत पांच नाम पर सर्वसमिति बनी. इन पांचों उम्मीदवारों के नाम बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपे गये. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को जीतने हेतु कांग्रेस पार्टी के नगर के पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्षों ने रणनीति बनाई.



बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भारत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण तन मन से लग जाए और मजबूत संगठन ही कांग्रेस का मूल मंत्र है. इस अवसर पर प्रभारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता निसार खान में कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं. संगठन को वार्ड और बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करना एक-एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है. हम लोगों को दोबारा सभी के प्रयास से नगर क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराना है. बैठक में मुख्य रूप से युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव, महिला अध्यक्ष बेबी देवी, महानगर कांग्रेस के उपाध्यक्ष कृष्ण किशोर प्रसाद, मुंगेश्वर चौधरी, महासचिव सीताराम यादव सुंदर ठाकुर, निसार अहमद भोला, रत्नेश कुमार सिंह, सुशील बोरई, दिलदार अंसारी, गणेश मेहता, राम कुमार पटेल, जुबैर खान, नरेश गुप्ता, तारिक रजा, गोविंद राम, रघु जायसवाल, अर्जुन सिंह, ऋषिकेश, अभिषेक यादव, मो प्यार, नन्हे, पवन मालाकार, सनी वर्मा, अनिल कुमार मेहता, संतोष कुशवाहा, रंजीत यादव, करण कुमार, प्रभात कुमार यादव, चिंतामणि साव, गुड्डू, अमर सिंह यादव, बाबू खान, एमआई हुसैन, राज किशोर मेहता, खालिद मोहम्मद, मुकेश साव, रिंकू डीश, लक्की खान, कमरूउद्दीन, अजय कुमार मेहता, मो. मुस्ताक, मनोज राम, सोनू वर्मा, गणेश रजक, अजय प्रजापति, मोहन गुप्ता आदि उपस्थित थे.

---

# सहकारी समिति महिलाओं के लिए नई राहें खोल रही

**संवाददाता। रामगढ़**

दुलमी प्रखंड होन्हे मंडा परिसर में सिकनी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, कैनरा बैंक कुल्ही के मैनेजर आशीष भगत, होन्हे पंचायत मुखिया राजीव मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मंगलेश ने कहा कि महिलाओं की आजीविका और उनकी सामुदायिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिस तरह से आप सभी ने सहकारी समिति के माध्यम से कदम उठाए हैं, वह सराहनीय है. स्वावलंबन की दिशा में यह समिति एक मिसाल कायम कर रही है, और मैं देख रहा हूं कि आपके प्रयासों ने कितनी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है. यह वार्षिक आम सभा न केवल आपके पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा का अवसर है, बल्कि यह भी समय है जब आप आगामी वर्ष की नई योजनाओं और लक्ष्यों पर चर्चा करेंगे. मुझे पूरा विश्वास है कि आपके विचार, सहयोग, और नेतृत्व में यह समिति आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों को छुएगी. आपके सामूहिक प्रयासों से यह सुनिश्चित होगा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और समाज में एक मजबूत स्थान बना सकें. मुझे विश्वास है कि आपके द्वारा उठाए गए कदम नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे. समिति के सभी सदस्यों को मेरी शुभकामनाएं. मुझे उम्मीद है कि आपके प्रयासों से समाज में बदलाव और सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे.



